वित्त मंत्रालय

डीआरआई कल 65वां स्थापना दिवस मनाएगा

इस अवसर पर 8वीं क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रवर्तन बैठक (आरसीईएम) आयोजित की जाएगी

प्रविष्टि तिथि: 04 DEC 2022 9:07AM by PIB Delhi

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) इस वर्ष 5-6 दिसंबर, 2022 को अपना 65वां स्थापना दिवस मना रहा है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी के साथ केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण इस 2 दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी।

भारत सरकार के अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अंतर्गत डीआरआई तस्करी विरोधी मामलों पर प्रमुख खुफिया और प्रवर्तन एजेंसी है। इसकी स्थापना 4 दिसंबर 1957 को हुई थी। नई दिल्ली में अपने मुख्यालय के साथ डीआरआई की 12 मंडल इकाइयां, 35 क्षेत्रीय इकाइयां और 15 उप-क्षेत्रीय इकाइयां हैं, जिनमें लगभग 800 अधिकारी कार्यरत हैं।

छह दशकों से अधिक समय से, डीआरआई भारत और विदेश में अपनी उपस्थिति से मादक और नशीले पदार्थ, सोना, हीरा, कीमती धातु, वन्यजीव वस्तुओं, सिगरेट, हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटक, नकली करेंसी नोट, विदेशी मुद्रा, एससीओएमईटी वस्तुओं, खतरनाक और पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील सामग्री, प्राचीन वस्तुएँ आदि की तस्करी के मामलों को रोकने और उनका पता लगाने संबंधी अपने कार्यादेश को पूरा कर रहा है तथा तस्करी से जुड़े संगठित अपराध समूहों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर रहा है। डीआरआई वाणिज्यिक धोखाधड़ी और सीमा शुल्क चोरी के पता लगाने का भी कार्य करता है।

डीआरआई विभिन्न देशों के साथ किये गए सीमा शुल्क पारस्परिक सहायता समझौतों के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क सहयोग में भी सबसे आगे रहा है, जहां सूचना विनिमय और अन्य सीमा शुल्क प्रशासनों के सर्वोत्तम तौर-तरीकों को सीखने पर जोर दिया जाता है।

तदनुसार, डीआरआई अपने स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रवर्तन बैठक (आरसीईएम) आयोजित कर रहा है, ताकि प्रवर्तन संबंधी मुद्दों के लिए भागीदार सीमा शुल्क संगठनों और विश्व सीमा शुल्क संगठन, इंटरपोल जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ प्रभावी रूप से जुड़ सके। इस वर्ष, कार्यक्रम के लिए विश्व सीमा शुल्क संगठन (डब्ल्यूसीओ), इंटरपोल, ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) और क्षेत्रीय खुफिया संपर्क कार्यालय - एशिया

प्रशांत (आरआईएलओ एपी) जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ-साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 22 सीमा शुल्क प्रशासनों को आमंत्रित किया गया है।

इस अवसर पर केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री द्वारा "भारत में तस्करी रिपोर्ट 2021-22" का नवीन संस्करण भी जारी किया जाएगा। यह रिपोर्ट तस्करी विरोधी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी के क्षेत्र के रुझानों और पिछले वित्त वर्ष में डीआरआई के प्रदर्शन और अनुभव का वर्णन करती है।

डीआरआई दिवस, अतीत की उपलब्धियों को सम्मान व महत्त्व देने तथा सीबीआईसी और डीआरआई के युवा अधिकारियों को प्रेरित करने का दिन है एवं यह क्षेत्रीय देशों के सीमा शुल्क प्रशासनों, महत्वपूर्ण क्षेत्रीय प्रशासनों तथा व्यापार भागीदारों के साथ बातचीत और विचार-विमर्श करने का भी अवसर प्रदान करता है, जिससे इस क्षेत्र के सीमा शुल्क संबंधी मामलों में भारत की भूमिका मजबूत होती है।

****

एमजी/एएम/जेके/डीवी

(रिलीज़ आईडी: 1880797) आगंतुक पटल : 611

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Tamil , English , Urdu , Marathi , Punjabi , Telugu , Kannada